53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 18.0°c अधिकतम 31.5 °c

**अमृतवाणी**

औकात से ज्यादा अगर बिना मेहनत किये मिल जाये तो आंख अंधी और आत्मा बहरी हो जाती है।

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा

रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

उत्तर प्रदेश को तबाह करने पर तुले हैं योगी : अखिलेश यादव



सूर्योदय - 6:19, सूर्यास्त - 5:51

वर्ष : 53/अंक : 285 बुधवार, 15 अक्टूबर 2025 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, दशमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

नजारा कुछ भी हो प्यारे नजरिये ही की कीमत है.. अगर आँखों में दिक्कत हो... तरक्की झूट लगती है..





**Muzaffarnagar** → Vetrag Trading Co. - 9837474325 • A to Z Furniture - 9897522555 • Om Furniture (Deep Furniture)- 9719622201 • Pragati Furniture - 9760010866 • Khalsa Electronics - 9897844350 • Rita Sales Agency - 9897965373 • Alka Auto Associate - 9927001792 • Balaji Electronics - 9758510482 • Jitendra Traders - 9837086687 • Mohan Electronics - 7055369437 • Monish TV Palace - 9456426685 • Shakuntla Furniture & Electronics - 9927033521 • Gupta Traders - 9760565844 • Rajan Sewing Machine - 9219882200

**Charthawal** • Balaji Electronics - 9045321700 **Budhana** • Lucky Furniture - 8273615360 • Paras Furniture - 8448636007

**Khatauli** • Amrit Radio - 9837224933 **Purkaji** • Kisan Furniture - 9897583342 • Bharat Furniture - 9927012803

**Shahpur** • Shiv Furniture - 8933241698 **Meerapur** • Saraswati Enterprises - 9149285575 **Gurukul** • Chaudhary Electronics - 9760498915

**Shamli** → Ajay Light House - 9458050999 • Distributor : Aggarwal Furniture - 8650629300 • **Thanabhawan** Om Electronics - 9759311881 • Sonika Electronics - 9756985353 • Hare Krishna Furniture - 8433049910

**Jinjaana** Ashirwad Furniture - 9368453673 **Kairana** Shivansh Furniture - 7017730076 **Kandhla** Ashadeep Electronics - 7017498255 • Radhe Krishna Electronics - 9045101583

**Baghpat** → Aadinath Electronics - 9837101171 • Aadinath Safe & Furniture - 9927187630

**Saharanpur** → Shagun Enterprises - 9358323811 • Bharat Steel and Electricals - 9760071300 • Bedi Trading Company - 79068 36681 • **Deoband** Bharat Furniture House - 9917783820 • Azad Bharat - 9012637238 • Sana Electronics - 9045236595 • Mittal Electronics - 9458459871 **Nagal** Walia Electric - 8449479020 **Chutmalpur** Dheeman Traders - 9897015940 **Sardhana** • Deepak Furniture - 97191 06095

साइरोक्स एक रेजिस्ट्रेड ब्रांड है बाजार में इससे मिलते जुलते नामो से सावधान रहे। कृपया रेजिस्ट्रेड SaiRox लोगो को पहचान कर ही प्रोडक्ट खरीदे|

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 18.0° c
अधिकतम 31.5 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:19, सूर्यास्त - 5:51 | वर्ष : 53/अंक : 285 बुधवार, 15 अक्टूबर 2025 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, दशमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये



**अमृतवाणी**

औकात से ज्यादा अगर बिना मेहनत किये मिल जाये तो आंख अंधी और आत्मा बहरी हो जाती है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

उत्तर प्रदेश को तबाह करने पर तुले हैं योगी : अखिलेश यादव



नजारा कुछ भी हो प्यारे नजरिये ही की कीमत है.. अगर आँखों में दिक्कत हो... तरक्की झूट लगती है..

# करोड़ों की दुकानों के सामने पटरी वालों का 6 दिन पहले ही कब्जा

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** गरीब होने के नाम पर इस शहर में कोई कहीं भी अतिक्रमण करके बैठ सकता है और अमीर यह सोचकर बेबस हो जाते हैं कि उन पर कहीं कोई इल्जाम ना लग जाये और यह सब बेतुके काम मुजफ्फरनगर में ही होते दिखाई दे रहे हैं। भगत सिंह रोड पर यूं तो हर वर्ष सड़क के बीचोबीच फूल-माला, मोमबत्ती, दीपक, दीपावली की बंदरवाल, झालर आदि की दुकानें सज जाती हैं। मगर यह दुकानें तीन दिन पहले सजती हैं।

अतिक्रमण करने वालों की धींगामुश्ती इतनी बढ़ चुकी है कि अब इन्होंने दीपावली से 6 दिन पहले ही सड़कों पर कब्जा कर लिया है। ना सोमवार देखा जा रहा और ना मंगलवार। सोमवार की रात से ही यह कब्जा शुरू हो गया है और मंगलवार को शिवचौक से लेकर सर्राफा बाजार के कोने तक अलग-अलग अपने ठियों पर अपना कब्जा जमाने के लिए किसी ने कपड़ा बिछा दिया गया है। कुछ देर के लिए शहर कोतवाल आये और मामूली





से डंडे फटकारे और वापस चल दिये। उनके जाते ही फिर एक बार पटरी वालों ने सड़क पर अपना कब्जा जमा लिया, अब ऐसे में अधिकारी व नेता इस मामले में क्या निर्णय लेंगे यह तो समय आने पर पता चलेगा, मगर फिलहाल भगत सिंह रोड के दुकानदार पटरी वालों के सामने बेबस दिखाई पड़ रहे हैं। अब यह पटरी कब हटती या नहीं यह कह पाना नामुमकिन है, क्योंकि हर साल पटरी वाले अपनी इसी तरह की हठधर्मिता दिखाते ही रहते हैं और कानून अपना काम करते हुए भी इनके सामने बेबस दिखाई पड़ता है।

### भगत सिंह रोड पर सजा इतनी जल्दी पटरी बाजार तो ठप्प हो जायेगा दुकानदारों का कारोबार

**मुजफ्फरनगर।** जिस तरह से पटरी वालों ने भगत सिंह रोड के बीचोबीच अपने-अपने कपड़े, स्टूल आदि सड़कों पर कब्जा जमाने के लिए मंगलवार से ही रख दिये हैं, उससे तो साफ जाहिर हो रहा है कि इस बार पटरी वालों की तो मौज आ जायेगी, मगर लाखों रूपये का कारोबार करने वाले दुकानदारों का काम ठप्प हो जायेगा, क्योंकि पटरी वाले लगभग सड़क का आधे से अधिक हिस्सा कब्जा कर लेते हैं और पैदल चलने वालों के लिए स्वर्णकारों, कपड़ा व्यापारी, जूता व्यापारियों तक ग्राहक को पहुंचने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ता है, ऐसे में भगत सिंह रोड से ग्राहक कटकर अन्य मार्किटों में चला जाता है, क्योंकि अब आम आदमी की सोच बदल चुकी है और वह घंटों-घंटों जाम में फंसने के लिए खरीददारी करने को तैयार नहीं होता है और आने वाली पीढ़ी को तो हर जगह पार्किंग ही पार्किंग ही चाहिए। नई पीढ़ी तो भीड़ के ऐसे आलम में जाना कतई पसंद नहीं करती। अब देखना यह होगा कि लाखों रूपये का कारोबार करने वाले व्यापारी न्याय की गुहार किससे लगाते हैं और इस गुहार को कोई सुनता है भी की नहीं, क्योंकि यह ।गड़ा एक नहीं हर साल होता है और इस झगड़े में करोड़ों की दुकान लेकर बैठे दुकानदार हार मान लेते हैं और पटरी वाले जीत जाते हैं।

## डेढ़ करोड़ के हैं दाल मंडी में बरामद पटाखे

### कन्हैया लाल शर्मा व सतीशचन्द उर्फ पप्पू के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** शहर में लंबा बाजार दाल मंडी में अवैध भडारण के खिलाफ मारे गए छापे में बरामद पटाखों की कीमत करीब डेढ करोड़ रुपए आंकी गई है। इसे लेकर पटाखा व्यापारी कन्हैया लाल और सतीशचन्द उर्फ पप्पू के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास शुरू कर दिया है। दीपावली से पहले कानून का उल्लंघन कर पटाखों के अवैध भंडारण और बिक्री के मामलों को लेकर पुलिस एक्शन में है। ऐसे ही एक छापे के दौरान गत दिवस थाना कोतवाली नगर द्वारा सात दुकानों में भरे करीब 1.5 करोड रुपए के 40 कुन्तल भिन्न-भिन्न मार्का के पटाखों की बरामदगी की थी। भीड भरे व्यस्त दाल मंडी लंबा बाजार में पटाखों के अवैध भंडारण की सूचना के बाद थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर लम्बा बाजार दाल मण्डी में फर्स्ट फ्लोर पर कन्हैया लाल शर्मा निवासी लोहिया बाजार की 6 दुकानों व ग्राऊंड फ्लोर पर स्थित सतीशचन्द उर्फ पप्पू निवासी पुरानी आबकारी की एक दुकान से अवैध रुप से विक्रय करने के लिए रखे भारी मात्रा 40 कुन्टल भिन्न-भिन्न मार्का के पटाखे बरामद किये गये।



दुकानों को फायर सर्विस व प्रशासन तथा पुलिस के उच्चाधिकारियों के आदेशा पर सील किया गया था। इस मामले में नगर कोतवाली में तमाम गंभीर धाराओं में मामला

शेष समाचार : पृष्ठ -4 पर पढ़ें

## रंजिश के चलते युवक पर जानलेवा हमला, गोली मारी

**▶▶ पैरों में गोली लगने से युवक घायल**

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुभाषनगर में दोस्त के घर आए युवक पर हमलावरों ने हमला करते हुए गोली मार दी। गोली युवक के दोनों पैरों में लगी है, जिससे युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस हमलावरों की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच विवाद चला आ रहा था। मोहल्ला जाकिर कॉलोनी निवासी फैसल सुभाषनगर निवासी अपने दोस्त इरफान निवासी के घर मिलने के लिए आया था। दोस्त से मिलने के बाद वह वापस अपने घर जा रहा था तो रास्ते में उसे हमलावरों ने रोक लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट का विरोध करने पर हमलावरों ने उस पर फायरिंग कर दी, जिससे फैसल के दोनों पैरों में छर्रे लग गए। बताया जा रहा है कि हमलावरों का इरफान से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के कारण हमलावरों ने फैसल पर हमला कर दिया। अचानक गोली चलने की आवाज से मौके पर भगदड़ मच गयी। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत व सीओ मंडी राजू कुमार साव मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने परिजनों व आसपास के लोगों से घटना की जानकारी प्राप्त की। एसपी सिटी का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। युवक को दोनों पैरों में छर्रे लगे हैं।



## चरथावल में युवक को मस्जिद से दुकान में बुलाया और पीट-पीटकर कर दी हत्या, 2 पर आरोप





**चरथावल, 14 अक्टूबर (बु.)।** थानाक्षेत्र के ग्राम कुल्हेड़ी में परचून की दुकान पर बुलाकर एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या की सूचना से ग्रामीणों में खलबली मच गई। युवक की हत्या पुरानी रंजिश को लेकर बताई जा रही है। युवक का शव बेसन के कट्टे से बरामद हुआ। हत्या की सूचना पर एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत,सीओ सदर डॉ. रवि शंकर ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पूछताछ के लिए एक युवक को हिरासत में लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

दरअसल मुजफ्फरनगर जनपद के थाना चरथावल क्षेत्र के ग्राम कुल्हेड़ी के ग्रामीणों ने बताया कि गांव निवासी मुत्तलिब सोमवार देर रात्रि मस्जिद में नमाज पढ़ रहा था। नमाज पढ़ते वक्त उस पर कई मोबाइल कॉल आईं। यह कॉल गांव में ही परचून की दुकान करने वाले की थी। नमाज पढ़ने के बाद मुत्तलिब दुकान में चला गया था। बताया गया कि दुकान में किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हुई। आरोप है कि दो माह पूर्व बाइक की साइड लगने को लेकर विवाद हो गया था। इसी रंजिश के चलते दुकानदार व उसके साथी ने मुत्तलिब की हत्या कर दी और शव को कट्टे में डालकर दुकान का अंदर से कुंडा बंद कर लिया था। किसी ग्रामीण द्वारा युवक के साथ मारपीट की सूचना उसके स्वजन को दी गई। स्वजन दुकान पर पहुंचे। उस समय दुकान अंदर से बंद थी। स्वजन ने आवाज देकर दुकान खुलवाई। बताया जा रहा है कि युवक की हत्या कर शव बेसन के कट्टे में डाल रखा था। आरोपित शव को ठिकाने लगाने की फिराक में थे। हत्या किये जाने की सूचना पर एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत सीओ सदर डॉ. रवि शंकर ने पुलिस टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया। मृतक के पिता की तहरीर पर दो आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ हेतु एक युवक को हिरासत में लिया गया। शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया।

## राजस्थान में एसी बस में आग, 20 यात्री जिंदा जले, 15 लोग झुलसे, जान बचाने के लिए चलती गाड़ी से कूदे लोग

**जैसलमेर, 14 अक्तूबर (एजेंसी)।** राजस्थान के जैसलमेर में जैसलमेर-जोधपुर हाईवे मंगलवार दोपहर 3.30 बजे चलती एसी स्लीपर बस में आग लग गई। 20 यात्रियों की जिंदा जलने से मौत हो गई। इनमें 19 की जैसलमेर और 79 साल के हुसैन खां की जोधपुर में मौत हुई। हादसे में 2 बच्चों, 4 महिलाओं समेत 15 लोग झुलस गए। झुलसे यात्रियों को तीन एंबुलेंस से जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पिटल लेकर गए। जहां से सभी को जोधपुर रेफर कर दिया। अधिकांश यात्री 70 प्रतिशत तक झुलसे हैं। बस में 57 लोग सवार थे। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। कलेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि इस हादसे के बाद बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी। बस में बाकी बची सवारियों की बॉडी है। हादसे में मरने वालों की पहचान डीएनए टेस्ट से होगी। इसके लिए कलेक्टर ने मृतकों के परिजनों से संपर्क करने की अपील की है। शवों की पहचान के लिए अहमदाबाद प्लेन क्रैश की तरह प्रक्रिया अपनाई जाएगी।



हादसा जैसलमेर के थईयात गांव के पास हुआ। आग की लपटें और धुआं काफी ऊंचाई तक उठता रहा। बस रोजाना की तरह दोपहर करीब 3 बजे जैसलमेर से जोधपुर के लिए रवाना हुई थी। करीब 20 किलोमीटर दूर रास्ते में थईयात गांव के पास अचानक बस के पिछले हिस्से में धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। बचने के लिए लोग चलती बस से कूद गए। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे। राहत कार्य शुरू किया। लोगों ने दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। इस हादसे में 20 लोगों की मौत हुई है। डीएनए जांच के बाद ही शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। बुधवार सुबह डीएनए जांच की जाएगी। इधर, सीएम करीब 15 मिनट तक जैसलमेर रुके और इसके बाद जोधपुर रवाना हुए। इस दौरान उनके साथ पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी भी थे। इस हादसे में मारे गए लोगों की पहचान के लिए जिला प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। जोधपुर से डीएनए और फोरेंसिक टीम पहुंची है। मृतकों की पहचान के लिए डीएनए की जांच की जाएगी। इसके बाद ही शव सौंपे जाएंगे।

## ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार की दर्दनाक मौत, करीब 100 मीटर तक घसीटता ले गया ट्रक

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर कट के पास एक रोडी से भरे ट्रक ने बाइक पर सवार युवक को टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि ट्रक लगभग 100 मीटर दूर तक युवक को घसीटता हुआ ले गया, जिससे युवक के शरीर के दो हिस्से हो गये और मौके पर ही युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा करते हुए हंगामा-प्रदर्शन किया। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर यातायात सुचारू कराया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।**

**आपको बता दें कि मंडी कोतवाली क्षेत्र का गांव शेरनगर निवासी इरशाद मजदूरी का कार्य करता है। मंगलवार को वह बाइक पर सवार होकर कूकड़ा मंडी में काम करने के लिए आ रहा था। जब वह बिलासपुर कट के पास पहुंचा तो हरिद्वार की ओर से आ रहे रोडी से भरे ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक बाइक सवार इरशाद को लगभग 100 मीटर दूर तक घसीटता हुआ ले गया, जिससे उसके शरीर के दो हिस्से हो गये। घटना के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने मौके पर हंगामा करते हुए यातायात बाधित कर दिया। घटना की सूचना पर नई मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवा दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। ग्रामीणों ने जानकारी दी कि इरशाद के दो बेटे हैं और दोनों बेटे मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया।**








### यूपी के 15 लाख कर्मचारियों को दिवाली बोनस का तोहफा

**लखनऊ, 14 अक्तूबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों के लिए दिवाली बोनस का ऐलान कर दिया है। उत्तर प्रदेश में 14.82 लाख राज्य कर्मचारियों को बोनस का लाभ मिलेगा। इस पर 1022 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवाली का तोहफा देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस की घोषणा की है। राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों को प्रोडक्टिविटी के आधार पर बोनस मिलेगा। यह बोनस अधिकतम सीमा 7 हजार रुपये के आधार पर 30 दिनों की उत्पादकता की गणना के आधार पर होगी। इससे हर कर्मचारी को लगभग 6908 रुपये का फायदा मिलेगा। 14 लाख 82 हजार कर्मचारियों के हिसाब से लगभग 1022 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कर्मचारियों को बोनस का भुगतान दिवाली के पहले ही कर दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार के इस बोनस के दायरे में वे पूर्णकालिक अराजपत्रित कर्मचारी शामिल हैं। इनके पद का वेतन मैट्रिक्स लेवल 8 (47,600- 1,51,100 रुपये) तक है, (ग्रेड स्केल 4800 तक)। इसमें उत्तर प्रदेश कर्मचारियों में सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारी, स्थानीय निकायों और जिला पंचायत कर्मचारी, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी शामिल हैं।



## 10 साल की पुत्री ने माता को दी मुखाग्नि, तो कांपने लगे हाथ

**▶▶ अनाथ हुई किशोरी पर टूटा दुखों का पहाड़**

**चरथावल, 14 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे में सबसे भावुक क्षण तब आया, जब मृतका की 10 वर्षीया पुत्री ने अपनी माता को मुखाग्नि दी। मासूम बेटी की कांपती उंगलियों और नम आंखों ने हर किसी को भावुक कर दिया। चरथावल कस्बे के मौहल्ला छिपियान निवासी महिला अनीता तोमर की मृत्यु ने क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। यह घटना जितनी अचानक थी, उतनी ही मार्मिक भी। सबसे भावुक क्षण तब आया, जब मृतक की 11 वर्षीया पुत्री आरोही तोमर ने अपनी माता को मुखाग्नि दी। मासूम बेटी की कांपती उंगलियों और नम आंखों ने हर किसी को भावुक कर दिया। गाजियाबाद निवासी राकेश तोमर का कोरोना काल में निधन हो गया था, तभी से उसकी पत्नी अनीता तोमर अपनी पुत्री आरोही तोमर के साथ पालन-पोषण कर रही थी। अनीता तोमर मजदूरी कर किसी तरह पुत्री की पढ़ाई और जीवन की गाड़ी खींच रही थी। मृतक राकेश तोमर की पत्नी अनीता तोमर पुत्री सोमदत्त कश्यप का सोमवार को बीमारी के चलते निधन हो गया था। महिला की मृत्यु के बाद उसकी एकमात्र पुत्री आरोही के सिर से माता-पिता का साया उठ गया है। सामाजिक कार्यकर्ता राष्ट्रीय प्रचारक व भाकियू सर्व जिलाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि महिला अनीता तोमर एक मेहनती और ईमानदार महिला थी। कोरोना काल में पति की मृत्यु के बाद उसने कभी किसी से मदद नहीं मांगी, बल्कि अपनी मेहनत से बच्ची को आगे बढ़ाने का सपना देखा। अब उसकी असमय मृत्यु ने क्षेत्र में चिंता की लहर पैदा कर दी है। मृतका की 10 वर्षीया पुत्री ने अपने माता को मुखाग्नि दी। मासूम बेटी की कांपती उंगलियों और नम आंखों ने हर किसी को भावुक कर दिया। हर किसी की जुबां पर एक ही सवाल है कि इस बच्ची का भविष्य अब कौन संवारेगा?



# नकली मावा खा गया मंडी, मिठाई और सेहत

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर।** एक समय उत्तर भारत की सबसे बड़ी मावा मंडियों में शुमार मुजफ्फरनगर की मंडी को नकली मावे के साथ मंडी से बाहर होने वाला व्यापार पूरी तरह खा चुका है। हालत यह है कि त्यौहारी दिनों में मंडी में धंधा चौपट रहता है और जिलेभर में मावे का उत्पादन और व्यापार पूरी तरह फलता-फूलता है। ऐसे में नकली मावा एक तल्ख सच्चाई बन चुका है। यह मावा और इससे बनी मिठाइयां सेहत के लिए जहर हैं। हाल में बड़े पैमाने पर नकली मावे के खिलाफ कार्रवाई की गई है, लेकिन यह कार्रवाई ऊंट के मुंह में जीरा जैसी ही है। नकली मावे के साथ मिलावटी मिठाई का धंधा भी पूरी तरह से इन दिनों फैला हुआ है।

**मावा मंडी से दस गुना अधिक मावा बाहर से ही हो रहा सप्लाई**



### गांवों में धधक रही भट्टियां

**मुजफ्फरनगर।** गांवों में चल रही भट्टियां लगातार धधक रही हैं। इन पर तैयार मावा मंडी से बाहर ही दुकानदारों के पास या फिर बाहर भेजा जाता है। इस धंधे में जहां नकली मावा बनाने वाले कारीगर और व्यापारी जुटे हैं, वहीं जानकार सूत्र बताते हैं कि अनेक व्यापारी भी खुद अपने पास से कच्चा माल उपलब्ध कराकर कारीगरों से मावा तैयार कराते हैं। असली मावा बनाने की मतलब यह है कि एक किलो मावा तैयार करने में कम से कम 4 किलो दूध लगता है। दूध साठ रुपए लीटर भी मान लें तो चार किलो 240 रुपए का होता है। इसके बाद भट्टी आदि का खर्च अलग है। ऐसे में किसी भी स्थिति में मावा साढ़े तीन सौ से चार सौ रुपए प्रति किलो बैठता है। बाजार में थोक में मावा आज भी दो सौ रुपए या इससे भी कम कीमत पर मिल रहा है। जाहिर है कि इसे तैयार करने में बाजार में थोक में उपलब्ध घटिया मिल्क पाउडर और सेलखड़ी का इस्तेमाल हो रहा है। इस उत्पाद को सेहत के लिए जहर से कम नहीं माना जाता।

### मावे की मिठाई से मुंह मोड़ रहे लोग

**मुजफ्फरनगर।** मावा मिठाई की जान है, लेकिन विगत् काफी समय से मिलावटी मावे का कारोबार से तेजी से बढने के कारण लोग मावे की मिठाई से मुंह चुराने लगे हैं। कुछ अच्छे ब्रांड वाली दुकानों को छोड़ दें तो अधिकांश स्थानों पर मिलावटी मावे से ही मिठाई तैयार होती है। यहां तक कि रसगुल्ले, बर्फी, मिल्क केक जैसे तमाम मावे के उत्पाद गांवों में चोरी-छिपे चल रही भट्टियों पर तैयार कर उन्हें बाजार में झोंका जा रहा है। ऐसे में त्यौहारी सीजन पर जहरीले मावे से बनी मिठाईयों की भरमार रहती है। हालत यह है कि विगत् कई दशक से मिलावटी मावे के कारण ही शहर की मावा मंडी ठप्प है। यहां जिले में कुल उत्पाद का 10 प्रतिशत भी मावा नहीं पहुंच पाता।

### बोली खाद्य विभाग की सहायक आयुक्त

**मुजफ्फरनगर।** खाद्य विभाग की सहायक आयुक्त द्वितीय अर्चना धीरान का कहना है कि त्यौहारी सीजन में नकली मावा तैयार करने वाले अधिक सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे में विभाग प्रतिदिन छापे की कार्रवाई कर रहा है। बड़े पैमाने पर नकली और मिलावटी मावा व मिठाई पकड़ी भी जा रही है। मौके पर ही खराब हालत में मिलने वाले उत्पादों को नष्ट भी कराया जा रहा है। मावे व दूसरे उत्पादों के सैंपल भी प्रतिदिन लेकर भेजे जा रहे हैं। इनकी रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई होती है। उन्होंने मिठाई विक्रेताओं से अच्छे उत्पाद का इस्तेमाल करने की अपील करते हुए कहा कि कहीं अगर मिलावटी या नकली मावा अथवा मिठाई के उत्पाद की सूचना है, तो इसकी गोपनीय जानकारी विभाग को दी जा सकती है। ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई होगी।

### नकली मावा ऐसे बनता है

**मुजफ्फरनगर।** नकली मावा तैयार करने में घटिया किस्म का मिल्क पाउडर, टेलकम पाउडर, चूना, चॉक और सफेद कैमिकल्स जैसी खतरनाक चीजों की मिलावट की जाती हैं। इसके अलावा नकली मावा के लिए दूध में यूरिया, डिटर्जेंट पाउडर और घटिया क्वालिटी का वनस्पति घी मिलाते हैं। सिंथेटिक दूध बनाने के लिए मामूली वॉशिंग पाउडर, रिफाइंड तेल, पानी और शुद्ध दूध मिलाकर मावा तैयार किया जाता है। कुछ जगह मावा में शकरकंद, सिंघाड़े का आटा, मैदा या आलू भी मिलाया जाता है। मावे का वजन बढ़ाने के लिए आलू और स्टार्च भी मिलाया जाता है। ऐसे में अधिकांश मावा पाउडर से तैयार होता है। अच्छे किस्म का मावा तैयार करने में अच्छी क्वालिटी का पाउडर और दूसरे उत्पाद इस्तेमाल होते हैं, जबकि घटिया मावा बनाने में घटिया पाउडर और घटिया उत्पाद लगाए जाते हैं। ऐसे में अच्छे पाउडर से तैयार मावा वनस्पति बेहतर होता है। स्थिति यह है कि अनेक मिठाई विक्रेताओं ने अपनी दुकानों पर यह सूचना लगा दी है कि उनके यहां निर्मित मिठाई पाउडर वाले मावे से तैयार होती हैं।





1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## अफगानिस्तान, पाकिस्तान और अमेरिका

अफगानिस्तान और पाकिस्तान में तनाव है। पहले पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमला किया। उसके कुछ घंटों बाद ही अफगानिस्तान ने ऐसा हमला बोला कि पाकिस्तानी सेना, सीमा छोड़ कर भाग गयी। यूँ तो अफगानिस्तान सैन्य सामग्री के मामले में पाकिस्तान से काफी पीछे है, लेकिन फिर भी उसके लड़ाकों ने पाकिस्तान के दाँत खट्टे कर दिये। अफगानिस्तान में अमेरिका की छोड़ी गयी युद्ध सामग्री बहुत है, जो अब अफगानिस्तान के काम आ रही है। पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर भीषण संघर्ष देखने को मिला। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर रात भर हमले करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तानी सेना का कहना है कि अफगान तालिबान लड़ाकों और सहयोगी 'आतंकवादी' गुटों ने शनिवार देर रात पाकिस्तान की सीमा पर मौजूद कई चौकियों को निशाना बनाते हुए 'बिना उकसावे के हमला' किया। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि इस हमले को नाकाम करने के लिए उसने तोपों और हवाई हमले के जरिए 'ठोस जवाब' दिया। पाकिस्तानी अधिकारियों ने दावा किया है कि उनकी सेना ने कुछ समय के लिए 21 अफगान चौकियों पर कब्जा किया और पाकिस्तान के खिलाफ हमले की योजना बनाने वाले 'आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों' को नष्ट कर दिया। पाकिस्तानी सेना की ओर से बताया गया कि उसके 23 सैनिकों की मौत हुई है और 29 घायल हुए हैं, जबकि पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई में 200 से ज्यादा तालिबान से जुड़े लड़ाके मारे गए। तालिबान के एक प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान के 58 सैनिक मारे गए हैं। प्रवक्ता ने इसे 'बदले की कार्रवाई' बताया और पाकिस्तान पर अफगान हवाई सीमा का उल्लंघन करने और काबुल के पास एक बाजार पर बमबारी करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कथित हवाई हमलों के बारे में पूछे गए सवालों का सीधे तौर पर जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के लोगों की जान बचाने के लिए, जो भी जरूरी है, हम कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। तालिबान के 2021 में सत्ता में लौटने के बाद से यह ताजा तनाव दोनों पड़ोसियों के बीच सबसे गंभीर संघर्षों में से एक है। दोनों के रिश्ते इसलिए बिगड़ते जा रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान तालिबान पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के सदस्यों को पनाह देने का आरोप लगाता है। इस संगठन ने पाकिस्तान में घातक हमले किए हैं। वहीं, तालिबान, पाकिस्तान के इस आरोप से इनकार करता है। कई विश्लेषक अफगानिस्तान और पाकिस्तान के इस टकराव को एक अनावश्यक संघर्ष और दोनों पक्षों की कूटनीतिक विफलता बताते हैं। दशकों से पाकिस्तान, अफगान तालिबान को समर्थन देना राष्ट्रीय हित का मामला मानता रहा है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच दो हजार किलोमीटर से ज्यादा लंबी सीमा है, जिसे डूरंड रेखा के नाम से जाना जाता है। महीनों के कूटनीतिक तनाव के बाद हुई हालिया लड़ाई ये दिखाती है कि दोनों पड़ोसियों के बीच तनावपूर्ण रिश्ते कैसे फिर नए संघर्ष के कगार पर पहुंच चुके हैं। तालिबान के सत्ता पर कब्जा करने के बाद से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव कई बार भड़का है। पाकिस्तान ने शुरूआत में तालिबान की वापसी का स्वागत किया था। पाकिस्तान को उम्मीद थी कि इससे उसकी पश्चिमी सीमा स्थिर होगी और वैचारिक रूप से अफगान तालिबान से जुड़े समूह टीटीपी के हमलों पर अंकुश लगेगा। इसके बजाय, हिंसा बढ़ गई। पाकिस्तान का कहना है कि सीमा पार से किए गए टीटीपी हमलों में उसके सैकड़ों सैनिक मारे गए हैं। अफगान अधिकारी इससे इनकार करते हैं और पाकिस्तान के आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हैं। हाल के वर्षों में, दोनों पक्षों के बीच डूरंड रेखा पर बाड़ लगाने को लेकर भी टकराव हुआ। यह एक औपनिवेशिक काल की सीमा है, जिसे अफगानिस्तान ने कभी औपचारिक रूप से मान्यता नहीं दी। चमन, कुर्रम और बाजौर जैसे इलाकों में सीमा पार से गोलीबारी की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिसके कारण कई बार प्रमुख व्यापारिक मार्ग बंद करने पड़े हैं। मिस्र में आयोजित शिखर सम्मेलन में एक दिलचस्प घटना और हो गयी। गाजा शांति शिखर सम्मेलन के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सहित दुनियाभर के नेता जुटे। गाजा युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद सभी नेता एक मंच पर आए। इस दौरान मंच पर कुछ ऐसा हुआ, जिसने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को असहज कर दिया। डोनाल्ड ट्रम्प ने मंच से पाकिस्तान की तारीफ की, लेकिन इसी दौरान भारत और भारत के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की भी प्रशंसा कर दी। ट्रम्प ने शहबाज की तरफ देखकर भारत को सराहा, तो उनके लिए ये शर्मिंदगी का सबब बन गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का नाम लिए बिना कहा कि भारत एक महान देश है, जहां सत्ता के शीर्ष पर मेरे एक अच्छे मित्र हैं और उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। हालांकि भारत के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी इस शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हुए, उनकी तरफ से विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह, शर्म अल-शेख पहुंचे, जहाँ ये सब नेता जुटे। ट्रम्प ने इस शिखर सम्मेलन में अपने भाषण के दौरान कहा कि भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे के साथ बहुत अच्छे से रहेंगे। ट्रम्प इतना कहने के बाद अपने पीछे खड़े पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की तरफ मुड़े। वीडियो में देखा जा सकता है कि शहबाज ने इस पर मुस्कुराते हुए प्रतिक्रिया दी। भारत ने मिस्र में आयोजित शिखर सम्मेलन में गाजा शांति योजना पर हुए हस्ताक्षर का स्वागत किया है। इस योजना पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और मिस्र, कतर और तुर्की के नेताओं ने हस्ताक्षर किए। भारत की ओर से इस सम्मेलन में शामिल हुए विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतेह अल-सीसी से भी मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत इस ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर का स्वागत करता है और इससे क्षेत्र में स्थायी शांति की आशा करता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से पाकिस्तान के सेना प्रमुख तारीफ करने पर कांग्रेस ने प्रधानमन्त्री मोदी पर निशाना साधते हुए पूछा कि मोदी और ट्रम्प के बीच आखिर ये कैसी दोस्ती है? कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश को ये दोस्ती पसन्द नहीं आ रही है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'जीवन' 'उत्सव' 'चाह' 'उपद्रव'

जीवन तो उत्सव है प्यारे, चाह उपद्रव करती रहती,
जब मन और की चाह पकड़ले, जीवन उलझन तब बनता है।
प्रेम, दया,करुणा के फूल भी मानवता की सुंदरता हैं,
जब मन सबको अपना समझे,जीवन मधुबन तब बनता है।

## थाने में शिकायत करने गए पीड़ित ने लगाया मारपीट का आरोप

### -थानाध्यक्ष पर मारपीट के आरोप से फैली सनसनी

**भोपा, 14 अक्टूबर (बु.)।** ककरौली थाने में शिकायत लेकर गए एक फरियादी ने थानाध्यक्ष पर गाली-गलौच और मारपीट कर धमकी देने के गंभीर आरोप लगा कर सनसनी फैला दी है। पीड़ित ने क्षेत्रधिकारी व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। ककरौली थाना क्षेत्र के ग्राम कम्हेड़ा निवासी मोहम्मद जावेद ने क्षेत्राधिकारी भोपा और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायती-पत्र देते हुए बताया कि उसके पिता के नाम गांव में ही एक मकान था, जिसे पीड़ित के भाई ने चुपचाप धोखाधड़ी करते हुए बेच दिया था। पीड़ित ने बताया कि उसके द्वारा इस मामले की शिकायत थाने में कई बार की जा चुकी है। पीड़ित ने थानाध्यक्ष पर मामले में की कार्रवाई ना करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार मामले में कोई कार्रवाई ना होने के चलते पीड़ित अपने पिता व चार अन्य व्यक्तियों के साथ थाने पर थानाध्यक्ष से मिलने के लिए गया था। आरोप है कि थानाध्यक्ष ने मिलते ही उसके साथ गाली-गलौच करनी शुरू कर दी, जब उसके द्वारा विरोध किया गया, तो थानाध्यक्ष ने पीड़ित को थप्पड़ व लात-घूंसे मारे तथा थाने के लंबित मुकदमों में फंसाकर जेल भेज देने की धमकी दी और उसके वृद्ध पिता के साथ भी गाली-गलौच की। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद उन्हें धक्का-मुक्की देकर बेइज्जत करते हुए थाने से निकाल दिया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल व क्षेत्रधिकारी को शिकायती पत्र देकर थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्राधिकारी भोपा देववृत वाजपेई ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।





## मुख्य अभियंता विद्युत ने कसे अधीनस्थों के पेंच, लगाई क्लास

### - त्यौहारों के सीजन में आपूर्ति को दुरूस्त करने के दिए निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** त्यौहारी सीजन के बीच जनपद में आगामी दिनों में दीपो के पंच पर्व के दौरान उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने की खातिर मुख्य अभियंता ने सभी विद्युत कर्मचारियों को कर्तव्य का बोध कराते हुए जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान आगामी त्यौहारों पर जनपद में अनवरत विद्युत सप्लाई देने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही फाल्ट आदि के कारण होने वाली परेशानियों को समय रहते दुरूस्त करने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता विनोद कुमार गुप्ता ने मंगलवार को शाम दो घंटे तक जिले के अधिकारियों के साथ विचार मंथन किया। इस दौरान उन्होंने अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, एसडीओ एवं विद्युत जेई आदि की बैठक लेते हुए आगामी त्यौहारों पर जिले में निरंतर विद्युत सप्लाई देने, इस बीच फाल्ट होने पर उसे त्वरित रूप से सुचारू करने और समय रहते मेंटिनेंस का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त करने के साथ आगामी तीन दिवसीय मेगा कैंप के आयोजन को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। मुख्य अभियंता विनोद कुमार गुप्ता ने विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी-कर्मियों को त्यौहारों पर निरंतर विद्युत सप्लाई के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहारों के दौरान विद्युत मांग बढ़ जाती है, ऐसे में इसकी पहले से तैयारी पूर्ण कर ले, वहीं जर्जर तारों व विद्युत पोल आदि को समय रहते रिपेयरिंग और बदलने आदि के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बीच किसी भी कर्मचारी की ओर से किसी भी बहाने व लापरवाही को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खाद्य विभाग की टीम ने ग्राम तिस्सा में मारा छापा, मचा हड़कंप

### - डेढ़ कुंतल मावा व 15 कुंतल पनीर को किया टीम ने नष्ट-

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** त्यौहारी सीजन के चलते आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के अवसर पर जनपद में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम का छापामार अभियान जारी रहा। इस दौरान खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जानसठ क्षेत्र के ग्राम तिस्सा थाना भोपा में कार्यवाही करते हुए खाद्य कारोबारकर्ता से खाद्य पदार्थ मावा का एक-एक विधिक नमूना संग्रहीत करते हुए उसे जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया। विभाग की कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा। जनपद में आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज आदि पर्व पर शुद्ध खाद्य व पेय पदार्थ सामग्री उपलब्ध कराने के पवित्र उद्देश्य से मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम की खातिर सहायक आयुक्त खाद्य -।। मुजफ्फरनगर अर्चना धीरान व उनकी टीम ने बीती रात्रि 3.30 बजे भोपा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिस्सा में छापा मारा। इस दौरान टीम ने कार्यवाही करते हुए खाद्य कारोबारकर्ता सलीम एवं अनीस अब्बास से खाद्य पदार्थ मावा का एक-एक विधिक नमूना संग्रहीत किया गया। मौके पर उपलब्ध किए कुल मावा मात्रा 1.5 कुंतल जिसका कुल मूल्य 36,000 रुपए को अस्वस्थकर एवं दूषित परिस्थितियों में भंडारित होने के कारण नियमानुसार जनहित में नष्ट किया गया। टीम की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा। इसके अलावा नेशनल हाइवे-58 पर खाद्य विभाग की टीम ने अलीगढ़ से जनपद में आ रहा 15 कुंतल मिलावटी पनीर जब्त करते हुए उसे जमीन में दबाकर नष्ट किया। उक्त मावा हरिद्वार में बिक्री के लिए जा रहा था।






## मिशन शक्ति के तहत शक्ति संवाद कार्यक्रम का समापन

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के तहत जनपद में आयोजित शक्ति संवाद कार्यक्रम मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम तमाम योजनाओं के लाभार्थियों, विशेषकर बच्चों और महिलाओं से सीधे संवाद पर केंद्रित था, जिसमें जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति दर्ज की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएम उमेश मिश्रा ने की। मंगलवार को डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित संवाद सत्र अत्यंत जीवंत रहा। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने लाभार्थियों द्वारा पूछे गए समस्त सवालों का सही व संतोषजनक तरीके से जवाब दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिन बालिकाओं द्वारा सरकारी योजनाओं के साथ कौशल विकास से संबंधित प्रश्न पूछे गए, उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए उन्हें डीएम उमेश मिश्रा ने प्रोत्साहन स्वरूप प्रतीक चिह्न प्रदान करते हुए इस बीच सम्मानित भी किया गया। अधिकारियों के मार्गदर्शन और आश्वासन के बाद बालिकाएं संतुष्ट दिखाई दीं। कार्यक्रम में इस दौरान प्रमाण पत्र वितरण व योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को योजना से संबंधित प्रमाण पत्र वितरित किए गए। पीएम काडर्स फॉर चिल्ड्रन स्कीम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में, समस्त प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डीएम उमेश मिश्रा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस संवाद ने योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाई है। यह देखकर खुशी हुई कि हमारी बालिकाएं अपने अधिकारों व भविष्य के कौशल को लेकर कितनी जागरूक हैं। प्रशासन उनके हर सपने को पूरा करने में सहयोग करेगा। यह कार्यक्रम सरकार के महिला एवं बाल कल्याण को प्राथमिकता देने के संकल्प को रेखांकित करता है। इस दौरान मुख्य रूप से रेणु श्रीवास्तव जिला पंचायत राज अधिकारी, रीना पंवार अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, समृद्धि त्यागी काउंसलर /साइकोलॉजिस्ट, इंदु श्रीवास्तव एसपी क्राइम, गीता शर्मा पूर्व अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति और आशीष श्रीवास्तव खाद्य विभाग मौजूद रहे।

आवश्यकता है

•1 FULL TIME अकाउटेंट की, जो TALLY व GST का काम जानता हो।

•1 सेल्समैन जो FOOD आईटम की मार्केटिंग कर सकता हो।

वेतनः योग्यता अनुसार

अनुभवी को प्राथमिकता।

M.:9520885798

## गरीबों के ठिये हटाकर साहूकार लगाएंगे नुमाइश ग्राउंड में व्यापारिक मेला

### - महिलाओं ने सिटी मजिस्ट्रेट के समक्ष किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**मुजफ्फरनगर, 14 अक्तूबर (बु.)।** यूं तो देश में हर व्यक्ति के लिये बराबर कानून, बराबर अधिकार और नियम बनाये गये हैं, लेकिन कई बार ऐसे मामले सामने आ जाते हैं, जो इन सब नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ा देते हैं। कुछ ऐसा ही मामला मुजफ्फरनगरनगर में आया है, जिसमें नगर के नुमाइश ग्राउंड में एक मंगल बाजार लगता है। हर मंगलवार को दूर-दूर से व्यापारी लोग नुमाइश कैंप आते हैं और अपने अपने ठिये सजाकर सामान बेचकर लाभ की उम्मीद में व्यापार करते हैं, लेकिन अगर उनको प्रशासन की सख्ती देखने को मिले, तो उनके दिल पर क्या बीतती होगी, यह एक सोचनीय बात है। आपको बता दें कि पहले अग्निवीर भर्ती चल रही थी। जिसके चलते स्थानीय व्यापारियों के लगातार 4 मंगलवार ऐसे गुजरे, जो व्यापारियों के लिये दिक्कतभरे थे। उसके बाद दशहरा कमेटी ने ग्राउंड पर मंगल बाजार लगाने की इजाजत नहीं दी, जिसके कारण पहले ही व्यापारी रोष में थे और फिर 14 अक्तूबर को मंगलवार के दिन व्यापारिक मेला आयोजित होने के चलते पुलिस ने मंगल बाजार लगाने की आज्ञा नहीं दी, जब नुमाइश ग्राउंड में आज्ञा नहीं मिली तो व्यापारियों ने सड़क पर दुकानें लगाना शुरू कर दिया। ऐसा होते ही वहां पुलिस प्रशासन की टीम पहुंच गई और दुकानें सख्ती पूर्वक हटवाना शुरू कर दिया। ऐसे में पुलिस ने यह भी कहा कि अगर सामान नहीं उठाया, तो प्रशासन सामान उठाकर ले जाएगा। ऐसे में मंगल बाजार में दुकानें लगाने वाली महिलाओं ने कचहरी जाकर धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर को इस सम्बंध में एक मांगपत्र सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि जो हिंदु परिवार वर्षों से यहां बाजार लगाते हैं, वो कहां जायेंगे। हमारी सुनने वाला कोई नहीं है। ऐसे में हमारी व्यवस्था की जाये, लेकिन इस मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब प्रशासन जानता है कि छोटे व्यापारियों के लिये यह एकमात्र बाजार है, जहां वो लाभ की उम्मीद में आते हैं। इस समय सोचनीय विषय यह है कि कि आखिर कैसे प्रशासन ने नुमाइश ग्राउंड का ठेका लगभग 4 करोड़ रुपये में दिया। आपको बता दें कि मंगल बाजार का ठेका भी हर वर्ष छोड़ा जाता है। ऐसे में छोटे दुकानदारों का क्या होगा। कहीं ऐसा तो नहीं कि बड़े व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिये छोटे व्यापरियों के अधिकारों को दबाया जा रहा है।

## व्यापारियों ने लोकल सरकारी सिस्टम माना फेल

### - अब मुख्यमंत्री पर यकीन कर भेजी शिकायत

**बुढ़ाना, 14 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे की एक छोटी सी समस्या का समाधान कराने के लिए जहां एक और व्यापारियों ने स्थानीय सरकारी सिस्टम को फेल मान लिया, वहीं अब उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पर विश्वास जताते हुए आज मंगलवार के दिन उनको डाक से शिकायत भेजी है और समस्या का समाधान कराने की मांग की। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल रजिस्टर्ड बुढ़ाना के तहसील अध्यक्ष राजेश संगल ने मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को डाक से भेजी गयी एक छोटी सी शिकायत के बारे में बताया कि कस्बा बुढ़ाना में मुजफ्फरनगर वाया कांधला रोड कुरैशियों वाली पुलिया मेन बाजार के रास्ते का कट कुछ समय पूर्व नगर पंचायत बुढ़ाना ने बंद किया था, जिस पर 70 से अधिक गांवों के ग्राहक मैन बाजार में कुरैशियों वाली पुलिया के कट से आते-जाते रहते हैं। इस कट के बन्द हो जाने से मेन बाजार में ग्राहक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे व्यापारी तंग व परेशान हैं। व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। राजस्व की हानि हो रही है। इसलिए कट को तत्काल प्रभाव से खुलवाएं ताकि ग्राहकों को दिक्कत न हो। ये मांग तहसील अध्यक्ष राजेश संगल, इरशाद, मदन सैनी, नवीन जैन, राजेंद्र प्रसाद, अशोक जैन, नितिन, मुकेश सैनी, संजय कुमार, अमन जैन आदि व्यापारियों ने उठाई है।



## सड़क सुरक्षा समिति की जूम ऐप के माध्यम से बैठक संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की माह अक्टूबर की बैठक जूम ऐप के माध्यम से सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में डीएम ने शहर के अन्दर अवैध रूप से चल रही ई-रिक्शा से होने वाली भीड़ के बारे में एवं ई-रिक्शाओं का रूट निर्धारित किए जाने के लिए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एवं ट्रैफिक पुलिस के साथ विचार विमर्श करते हुए ई-रिक्शा से होने वाली भीड़ कम करने के लिए निर्देशित किया। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए बीएसए एवं डीआईओएस को प्रतिमाह अत्यधिक सेमीनार और गोष्ठी आयोजित कर आम जनमानस को जागरूक किए जाने के निर्देश दिए। वहीं ब्लैक स्पॉट्स पर कराये सुधारात्मक कार्यों की समीक्षा एवं सम्भावित सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नये ब्लैक स्पॉटों के चिन्हांकन व सुधारीकरण का कार्य कराने के लिए लोनिवि व एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया तथा वर्ष 2025 में सृजित नये ब्लैक स्पॉटों के सुधारीकरण के कार्य को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। बैठक में नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर से जुड़े एई को शहर के अन्दर हो रहे अतिक्रमण को पुलिस विभाग के सहयोग से हटाने के निर्देश दिए। वहीं जिला गन्ना अधिकारी को आगामी गन्ने के सीजन से पूर्व सभी वाहनों की फिटनेस एवं वाहनों के पीछे रिफलेक्टर लगाये जाने के निर्देश दिए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को शहर में चल रही ई-रिक्शाओं की निरन्तर फिटनेस चेक करने एवं लाईसेंस चेक किये जाने एवं अवैध रूप से चल रही ई-रिक्शाओं को तत्काल बन्द करने के लिए निर्देशित किया गया।

## सीएमओ ने एएनएम प्रशिक्षण कार्यक्रम में कराया मेडिटेशन



**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जनपद मुजफ़्फ़रनगर द्वारा आयोजित 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार में सफल समापन हुआ। जिला कुष्ठ कार्यालय में गत 12 दिनों से संचालित कार्यक्रम में सभी एएनएम एवं प्रशिक्षकों ने बड़े उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और सभी के कार्य एवं समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण हमें न केवल ज्ञान देता है, बल्कि कार्य के प्रति निष्ठा व आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। जिस उत्साह व लगन से आप सभी ने यह प्रशिक्षण पूरा किया है, वही भावना आगे भी अपने कार्य क्षेत्र में बनाए रखें। इस दौरान सीएमओ ने एएनएम को ध्यान मेडिटेशन भी कराया। उन्होंने कहा कि हमें योग व ध्यान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि इससे मानसिक शांति के साथ ही सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने सभी एएनएम व प्रशिक्षकों को प्रेरित किया कि वे सीखे गए कौशल को अपने क्षेत्र में लागू करें, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और अधिक सुदृढ़ हो सके। समापन समारोह के दौरान प्रशिक्षकों ने अपने अनुभव भी साझा किए और विभाग द्वारा दिए गए सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।




## एसएसपी ने ली अपराध समीक्षा बैठक

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** मंगलवार को एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा को लेकर क्राइम मीटिंग का आयोजन किया। सर्वप्रथम राष्ट्रगान के साथ अपराध गोष्ठी का प्रारम्भ किया गया। उसके बाद सभी को क्षेत्र के टॉप-10 व हिस्ट्रीशीटर अपराधियों पर लगातार सतर्क दृष्टि रखते हुए उनके क्रियाकलापों की निगरानी करने के आदेश दिए। एसएसपी ने अपराधियों की गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत सम्पत्ति चिन्हित कर जब्त करने के लिए कहा। वहीं मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत एन्टी रोमियो स्क्वायड, महिला आरक्षियों व अन्य पुलिसकर्मियों को अपनी-अपनी बीट में जाकर ग्राम प्रधान आदि के सहयोग से स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान आदि में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु विभिन्नि कार्यक्रम व गोष्ठी करके जानकारी देने के आदेश दिए। क्राइम मिटिंग में लम्बित विवेचानाओं के शीघ्र निस्तारण के आदेश एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने दिए। क्राइम मिटिंग के बाद एसएसपी ने वीरता के लिए पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रदत्त प्रंशसा पत्र को थाना प्रभारी खतौली दिनेश चंद बघेल को प्रदान किया।

## जिम्मेदारों की अनदेखी से बढ़ रही दुर्घटनाओं की संभावनाएं

### - सिविल लाइन क्षेत्र में हादसों को निमंत्रण दे रहा मेन हाल



**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** नगरीय क्षेत्र में जिम्मेदारों की अनदेखी से गलियों के साथ मुख्य मार्गों पर दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिनमें समय रहते कार्यवाही न किए जाने से हादसों का क्रम बढ़ता जा रहा है। ऐसे मामलों में आए दिन जहां दुपहिया वाहनों के साथ चौपहिया वाहन इन टूटी सड़कों और नालों के खुले मैन हाल दुर्घटनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं। मंगलवार को ऐसे ही मैन हाल के खुले होने से दुर्घटनाओं का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। ऐसे मैन हालों की बढ़ती संख्या में थाना सिविल लाइन क्षेत्र के सीओ ऑफिस के निकट नगर क्षेत्र के सर्वाधिक व्यस्ततम मार्गों में शुमार इस चौराहे पर खुला मैन हाल जिम्मेदारों की ओर देख रहा है, जहां आए दिन वाहनों की तमाम दुर्घटनाओं की संभावनाओं के बीच यह खुला मैन हाल दुर्घटना को आमंत्रित करते नजर आ रहा है। सिविल लाइन का मैन हाल ही नहीं ऐसे कई स्थान नगरीय क्षेत्र में प्रायः देखे जा सकते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

## डीएस पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट-गाइड कैंप संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** डीएस पब्लिक स्कूल में 3 दिवसीय भारत स्काउट गाइड के प्रशिक्षण शिविर का समापन सीओ क्राइम ऋषिका सिंह द्वारा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। शिविर में स्काउट-गाइड कमिश्नर राजेश कुमारी ने अतिथि के रूप में मौजूद होकर बच्चों के कार्य का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम में थाना साइबर क्राइम की टीम ने विद्यार्थियों को साइबर धोखाधड़ी एवं साइबर अपराधों से बचने की महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम में थाना साइबर क्राइम से सब इंस्पेक्टर धर्मराज यादव एवं हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर धोखाधड़ी एवं अपराधों से बचने के उपाय बताए। स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने कार्यक्रम की अतिथियों को प्रतीक चिह्न देते हुए अभिनंदन किया। सीओ क्राइम ऋषिका सिंह ने छात्राओं को मिशन शक्ति के 5वें चरण के अभियान के विषय में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों व पुलिस सेवा नंबर के बारे में बताते हुए कहा कि किसी आपातकालीन स्थिति में छात्राएं बिना डरे पुलिस सेवा सहायता नंबर 112 व वीमेन पावर लाइन नंबर 1090 पर कॉल कर, अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए सहायता प्राप्त कर सकती है। कार्यक्रम में थाना साइबर क्राइम से कांस्टेबल श्वेता चौधरी ने भी छात्राओं को मिशन शक्ति से जुड़ने के साथ नारी सुरक्षा, सम्मान तथा नारी स्वावलंबन विषय पर बोलते हुए छात्राओं को मिशन शक्ति की शुभकामनाएं भी दी। साइबर क्राइम सब इंस्पेक्टर धर्मराज यादव ने विद्यार्थियों को साइबर धोखाधड़ी एवं साइबर अपराधों से बचने के विषय में जानकारियां दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर धोखाधड़ी तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में साइबर क्राइम के हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार ने छात्रों को साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताते हुए उन्हें ऑनलाइन गेमिंग से सतर्क रहने के लिए कहा। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने सभी आगंतुक अतिथियों को धन्यवाद देते हुए उनकी उपस्थिति के लिए उनका आभार प्रकट किया।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

॥ ओउम् शान्ति॥



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय
श्रीमती राज रानी ढींगड़ा
धर्मपत्नी श्री सुभाष चन्द ढींगड़ा
दिनांक रविवार, 12 अक्टूबर 2025 को स्वर्गवासी हो गई हैं।
उनकी आत्मा की शांति हेतु
शोकसभा
बृहस्पतिवार, 16 अक्टूबर 2025
शोकसभा- दोपहर 2:00 से 3:00 बजे
कार्यक्रम स्थल
मयूर महल लिंक रोड, गाँधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर
-: शोकाकुल परिवार :-
संजय ढींगड़ा-सीमा ढींगड़ा (पुत्र-पुत्रवधू)
अजय ढींगड़ा-मीतू ढींगड़ा (पुत्र-पुत्रवधू)
सीमा मलिक- मुनीश मलिक (पुत्री-दामाद)
साक्षी चुघ-विवेक चुघ (पुत्री-दामाद)
कैलाश चन्द ढींगड़ा-सुमन ढींगड़ा (देवर-देवरानी)
राजीव ढींगड़ा-मोनिका ढींगड़ा (देवर-देवरानी)
विपिन ढींगढ़ा, विकास ढींगड़ा
अभिनव-अपूर्वा (पौत्र-पौत्रवधू)
सिद्धांत-अदिति (पौत्र-पौत्रवधू)
आर्यन (पौत्र), आकृति (पौत्री)
विधान, सक्षम, दिव्यांश (दौत्र)
निष्ठा (दौत्री) एवं
चावला परिवार, कवात्रा परिवार
मैनी परिवार, मलिक परिवार, चुघ परिवार
मेंदीरत्ता परिवार, पाहुजा परिवार
-: प्रतिष्ठान:-
• सब्जी सीड स्टोर (मुजफ्फरनगर)
• नोबल एग्रो इनपुट (दिल्ली) • बैस्ट सीड कम्पनी (दिल्ली)

।। श्रद्धांजलि सभा ।।



अत्यंत दुःख के साथ सूचित कर रहें है कि हमारी पूजनीय
सुश्री सरिता देवी पुत्री स्व. लाला रघुवीर प्रसाद
(बाबरी वाले) सेवानिवृत प्रवक्ता जैन इण्टर कॉलेज (शहर)
का देहान्त 5 अक्टूबर 2025 को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
श्रद्धांजलि सभा बृहस्पविार, 16 अक्टूबर 2025 को होनी निश्चित हुई है।
हवन प्रातः 10:00 बजे
ब्रह्मभोज दोपहर 12:00 बजे
रस्म तेरहवीं अपराह्न 2:00 बजे
स्थानः- निज आवास 213, सिविल लाईन साउथ, बुलेटिन वाली गली, मुजफ्फरनगर
शोकाकुल परिवार
गौरव मित्तल (भांजा)
उत्कर्ष गुप्ता (भांजा)
सुशील अग्रवाल (भाई)
अवधेश कुमार (भाई)
आशीष अग्रवाल (भतीजा)
अमित अग्रवाल (भतीजा)
M.:9634091414,9634090592

# फुटपाथ लोगों के चलने के लिये है ना कि अतिक्रमण करने के लिये : इलाहाबाद हाईकोर्ट

## सरकारी जमीन को जल्द से जल्द खाली करने के किये आदेश जारी

**इलाहाबाद, 14 अक्तूबर (एजेंसी)।** अतिक्रमण को लेकर इस समय प्रशासन ही नहीं, बल्कि हाईकोर्ट भी सख्त रवैया अपनाये हुए है। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट का एक बडा फैसला सामने आया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य की ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक उपयोग की भूमि, रास्ते-सड़क से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि इसमें विफल अधिकारियों और भूमि प्रबंधक समिति के अध्यक्ष तथा सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जाए। न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरि की एकलपीठ ने इस कार्रवाई में उदासीन ग्राम प्रधान तथा लेखपाल के विरुद्ध हाईकोर्ट में दीवानी अवमानना की याचिका का अधिकार भी आम लोगों को दिया है। साथ ही अतिक्रमणकारियों पर हर्जाना लगाने और दोषी अफसरों पर आपराधिक कार्रवाई का निर्देश दिया है। कोर्ट ने फुटपाथ के व्यावसायिक उपयोग पर कड़ा एतराज जताया है।

झांसी निवासी मुन्नीलाल उर्फ हरिशरण की जनहित याचिका निस्तारित करते हुए कोर्ट ने 24 पेज के आदेश में सड़कों-रास्तों को लेकर अतिक्रमण के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इसे यथाशीघ्र हटाएं। अतिक्रमणकारियों पर हर्जाना लगाएं और यदि आवश्यक हो तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय और आपराधिक कार्रवाई करें। कोर्ट का कहना था कि अदालत पहले ही मान चुकी है कि फुटपाथ पैदल चलने वालों के लिए है और इनका उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए नहीं किया जा सकता। सम्बंधित अधिकारी इन्हें बाधाओं से मुक्त रखें। कोर्ट ने झांसी के जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया है कि वह उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में टीम गठित कर याची की शिकायत की जांच कराएं। यदि राजस्व अभिलेखों में दर्ज सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण है तो उस लेखपाल के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिसने सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण नहीं होने की गलत रिपोर्ट पहले दी थी।

कोर्ट ने इस बात पर दु:ख जताया कि अदालत सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अतिक्रमण से संबंधित जनहित याचिकाओं से भरी है। कोर्ट ने सभी जिलाधिकारियों तथा उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह उन प्रधान और लेखपाल के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करें, जो अतिक्रमण के संबंध में संबंधित तहसीलदार को इस आदेश की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना नहीं देते हैं। कहा, इसे उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियमावली, 2016 के नियम 195 के अंतर्गत कदाचार माना जाए। कोर्ट के अनुसार ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत की भूमि प्रबंधन समिति का अध्यक्ष होने के नाते कानूनन ग्राम पंचायत की संपत्ति का संरक्षक है, यदि वह उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियम, 2016 के नियम 66 के तहत सूचना नहीं दे रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

## पटाखा बुलेट पर ठोंका 12 हजार का जुर्माना

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** पटाखा बुलेट को लेकर पुलिस के खास निर्देश तथा पिछले दिनों कार्रवाई के बावजूद युवाओं पर इसका असर नहीं है। आज सिविल लाइन पुलिस ने एक पटाखा बुलेट को जांच के दौरान पकड़ा और उस पर बारह हजार रुपए का जुर्माना लगाया। सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार के नेतत्व में पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान पटाखे की आवाज निकालने वाली बुलेट बाइकों की खास जांच की गई। इस दौरान एक पटाखा बुलट मोटरसाइकिल का 12 हजार का चालान काटा और मौके पर मिस्त्री बुलाकर पटखा साइलेंसर भी हटवाए।



# ऑन डिमांड हथियार बेचने वाले तीन शातिर दबोचे

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** दिवाली की धूम के बीच पुलिस ने शाहपुर में अवैध शस्त्रों का बडा जखीरा बरामद करते हुए ऑन डिमांड हथियार बेचने वाले एक 10 हजार रुपये के ईनामी सहित तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से भारी संख्या में पिस्टल, तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। बडी बात यह है कि उत्तराखंड के शातिरों का यह गिरोह लंबे समय से मुजफ्फरनगर और आसपास के जनपदों में अवैध शस्त्रों का धंधा कर रहा था। एसएसपी ने इस बरामदगी को लेकर पुलिस टीम को पंद्रह हजार रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की है। एसएसपी संजय वर्मा ने पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि शाहपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध शस्त्र सप्लाई करने के लिए गिरोह के सदस्य मीरापुर बाईपास फ्लाइओवर के पास मौजूद हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो तीन युवकों को वहां खड़ा पाया। पुलिस टीम को देखकर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। इसके बाद उनकी तलाशी में भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बरामद हुए। एसएसपी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व भोपा में इसी गिरोह के लिंक के लोग पकडे गए थे। यह गिरोह लंबे समय से अवैध शस्त्रों के कारोबार में लिप्त था। थाना भोपा और शाहपुर पुलिस द्वारा पहले भी गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने माना कि वे सस्ते दामों में शस्त्र खरीदकर मांग के अनुसार ऊंचे दामों पर बेचते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में तसव्वर, पुत्र दिलखुश ग्राम निरंजनपुर हरिद्वार भी शामिल हैं, तसव्वर पर 10 हजार का ईनाम पुलिस ने घोषित कर रखा है, वो कई मामलों में वांछित बताया गया है। पुलिस ने उसके साथी अरमान पुत्र नसीम ग्राम सुल्तानपुर थाना लक्सर हरिद्वार और इकरार पुत्र अज्जमुद्दीन ग्राम सुल्तानपुर थाना लक्सर हरिद्वार के नाम शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास स 5 पिस्टल .32 बोर, 1 तमंचा 12 बोर, 9 तमंचे 315 बोर, 1 मस्कट 12 बोर, 10 जिन्दा कारतूस .32 बोर, 10 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 12 जिन्दा कारतूस 12 बोर, 02 खोखा कारतूस 12 बोर बरामद किये गए हैं। पकड़े गये बदमाशों के खिलाफ उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के जनपदों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह हथियार उन्हें कहां सप्लाई किए जाते थे। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि पकडे गए शातिरों का एक संगठित गिरोह है जो अवैध शस्त्रों का क्रय-विक्रय करता है। गिरोह सस्ते दामों में शस्त्र खरीदता और मांग के अनुसार ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करता था। पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है। उनका संबंध में पूर्व में भोपा पुलिस द्वारा पकड़े गये अवैध असलाह तस्करों से रहा है। इनको गिरफ्तार कर खुलासा करने वाली पुलिस टीम के सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए 15,000 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी भी जल्द की जाएगी।

**उत्तराखंड के गिरोह से भारी संख्या में हथियार बरामद**



## वरिष्ठतम शिक्षक ही बनेंगे हेड मास्टर

**लखनऊ, 14 अक्टूबर (एजेंसी)।** परिषदीय विद्यालयों में प्रधानाध्यापक पद को लेकर जारी विवाद और न्यायिक हस्तक्षेप के बीच शासन ने अब स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलों में वरिष्ठता के आधार पर विद्यालायों का प्रभारी प्रधानाध्यापक नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। सभी बीएसए को यह भी निर्देश दिया है कि जिन विद्यालयों में प्रधानाचार्य का पद खाली है। इस पर प्रभारी प्रधानाध्यापक तैनात करने के लिए जिले के शिक्षकों की वरिष्ठता सूची के आधार पर ही प्रभारी प्रधानाध्यापक तैनात किया जाएगा। वरिष्ठ के सहमति देने पर पर ही उनके ठीक बाद के वरिष्ठ शिक्षक को प्रभारी प्रधानाध्यापक का प्रभार दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने इस आदेश का अनुपालन करते हुए एक सप्ताह में शासन को सूचित करने का भी निर्देश दिया है। बता दें कि प्रदेश के कई जिलों व विद्यालयों में प्रधानाध्यापक पद पर तैनाती व वरिष्ठ को चार्ज देने को लेकर विवाद चल रहा था।

# जो कर रहा था आईपीएस पूरन के सुसाइड मामले की जांच उसी एएसआई ने खुद को मार ली गोली



**चंडीगढ़, 14 अक्तूबर (एजेंसी)।** हरियाणा में रोहतक के साइबर सैल में तैनात एएसआई संदीप कुमार ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया है। उनकी डेडबॉडी लाढ़ौत रोड पर खेत में बने मामा के मकान से मिली। मौके से 4 पेज का सुसाइड नोट मिला है। उन्होंने मरने से पहले एक वीडियो बनाया। एएसआई ने दिवंगत आईपीएस वाई पूरन कुमार और उनके गनमैन सुशील कुमार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उसने वीडियो में कहा- करप्शन केस में बदनामी के डर से आईपीएस पूरन ने सुसाइड किया है। उसे डर था कि परिवार की राजनीति पर असर पड़ेगा। 6 अक्टूबर को रोहतक पुलिस ने पूरन कुमार के गनमैन सुशील कुमार को शराब कारोबारी से रिश्वत मांगने पर गिरफ्तार किया था। इससे अगले ही दिन 7 अक्टूबर को पूरन कुमार ने चंडीगढ़ में अपनी कोठी पर खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया था। संदीप कुमार मूल रूप से जींद जिले के जुलाना के वार्ड नंबर 4 के रहने वाले थे। फिलहाल वह रोहतक के लाढ़ौत रोड पर अपने मामा बलवान देशवाल के घर रहते थे। वह पिछले एक साल से रोहतक के साइबर सेल में तैनात थे। रविवार को वह जुलाना अपने घर आए थे। आज सुबह वह ड्यूटी पर नहीं आए तो साथी कर्मचारियों ने उन्हें कॉल किए। संदीप के मामा बलवान देशवाल के खेत में पिछले 15 साल से काम कर रहे जेलदार ने बताया कि मैं खेत में बने कोठड़े (कमरा) में रहता हूं। दोपहर 1 बजे मैं नहर के पास गया था। जब वापस आया तो कोठड़े के पास गोली चलने की आवाज आई। मैं तुरंत मौके पर पहुंचा तो वहां देखा कि संदीप ने खुद को गोली मार रखी है। मैंने तुरंत बलवान के बेटे अजीत को फोन कर घटना की सूचना दी। एसपी सुरेंद्र भौरिया ने बताया कि संदीप बहुत ईमानदार कर्मचारी था। इनकी साइबर सैल में पोस्टिंग थी। सुसाइड नोट और वीडियो की टीम जांच करेगी। अभी इसके बारे में कुछ भी बताना मुश्किल है, लेकिन जो भी हुआ बहुत गलत हुआ है। परिवार के बयान दर्ज किए जाएंगे।

**राहुल बोले- सरकार तमाशा बंद करे**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सीनियर आईपीएस अफसर वाई. पूरन कुमार के सुसाइड मामले को 7 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक शव का पोस्टमॉर्टम नहीं हो पाया है। मंगलवार सुबह आईपीएस के परिवार से मिलने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार तमाशा बंद कर दे। राहुल ने कहा कि आईपीएस के परिवार पर प्रेशर डाला जा रहा है। यह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार अफसरों को अरेस्ट करे और दिवंगत आईपीएस का अपमान न करे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी एक्शन लेने की अपील की।

## पालतू बिल्ली पालने के लिए अब लेना होगा लाइसेंस

**लखनऊ, 14 अक्टूबर (एजेंसी)।** नगर निगम में पालतू बिल्लियों के लाइसेंस बनने शुरू भी हो गए हैं। बीते एक सप्ताह में करीब 10 लाइसेंस बनाए गए हैं। अभी यह ऑफलाइन बनाए जा रहे हैं, लेकिन अगले महीने से ऑनलाइन सुविधा भी शुरू हो जाएगी। एक वर्ष अवधि के इस लाइसेंस का शुल्क 500 रुपये है। बिना लाइसेंस बिल्ली पालने पर 1000 रुपये जुमार्ना लगेगा। लाइसेंस बिल्ली को एंटी रैबीज के टीका लगने के बाद बनाया जाएगा। ऑनलाइन लाइसेंस बनवाने की सुविधा के लिए कुत्तों के ऑनलाइन लाइसेंस के सिस्टम में बदलाव कराया जा रहा है।



**शेष समाचार : डेढ़ करोड़ के हैं दाल मण्डी में...**

दर्ज कराया गया है। विस्फोटक अधिनियम व बीएनएस की धारा 125, 287, 288 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार उक्त 7 दुकानो में अवैध रूप से भंडारण किये गये 40 कुन्टल भिन्न-भिन्न मार्का के पटाखों की कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के साथ आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## हादसा होता तो संभालना हो जाता मुश्किल

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)। वैसे तो पुलिस और प्रशासन की ओर से अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री को लेकर की गई शिकायतों में सामान्य तरीके की कार्रवाई की जा रही है, लेकिन दाल मंडी में भारी मात्रा में पटाखों के अवैध भंडारण का मामला इसलिए गंभीर है कि यह भंडारण ऐसे इलाके में किया गया था जो शहर के व्यस्ततम इलाकों में एक माना जाता है। अवैध भंडारण के साथ यहां अग्नि शमन सुरक्षा के भी समुचित साधन नहीं थे। ऐसे में अगर यहां कोई अप्रिय घटना होती तो इसके नतीजे बेहद गंभीर हो सकते थे। वैसे तो एनसीआर में दिवाली पर पटाखों को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इसके चलते अभी तक सुप्रीम कोर्ट की ओर से एनसीआर में पटाखों की बिक्री और भंडारण को लेकर लगाए गए प्रतिबंध भी जारी हैं। इसके साथ ही सबसे बडी बात यह है कि किसी भी स्थिति में भीड भाड और घनी आबादी वाले इलाकों में विस्फोटक सामग्री का भंडारण पूरी तरह से कानून के खिलाफ है। दाल मंडी में हुई बरामदगी से साफ है कि यहां सुरक्षा मानकों की भी जमकर अनदेखी की गई।**

**दाल मंडी के पटाखा गोदाम में हुई कायदे कानूनों की अनदेखी**

# पुलिस को गोदाम में रखे मिले अवैध पटाखे

**बुढ़ाना, 14 अक्टूबर (बु.)।** गोदाम में अवैध रुप से रखे लाखों रुपये की कीमत के पटाखे बुढ़ाना पुलिस ने जब्त कर लिए जबकि आरोपी पुलिस टीम को दूर से ही देखकर इधर-उधर हो गये। बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार को खास मुखबिर से सूचना मिली कि जमन पब्लिक स्कूल बुढ़ाना के समीप नीरज उर्फ बोबी पुत्र रमेश चन्द निवासी बड़ा बाजार के गोदाम में अवैध विस्फोटक पटाखों का भंडार है, जिन्हें नीरज और दीपक पुत्र कुलदीप निवासी चांदनी वाला मन्दिर बुढाना मिलकर बेंचते हैं, तब उन्होंने इसकी सूचना बुढ़ाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री को दी, तो मौके पर वे सीओ गजेंद्र पाल सिंह को लेकर पहुंचे, तो गोदाम का ताला खुला हुआ था। गोदाम के अन्दर बने कमरे में अवैध विस्फोटक पटाखों का भंडार था। मौके पर कोई मौजूद नहीं था। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गयी। मौके पर एक कुंटल से भी अधिक वजन के पटाखे मिले, जो छह पेटियों में आए। पुलिस को पता लगा कि दोनों युवक बाहर से सस्ते दामों में माल खरीद कर लाते हैं तथा दिवाली पर अधिक दामों में बेचते हैं। पुलिस ने दोनों युवकों को आसपास तलाश किया, लेकिन वे नहीं मिले। शायद पुलिस टीम को दूर से देखकर फरार हो गये। पुलिस ने बरामद पटाखों को सुरक्षा की दृष्टि से फायर स्टेशन बुढ़ाना में रखवाकर एमएफई से पानी डालकर पटाखों की संवेदनशीलता को कम किया। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए दोनों की तलाश शुरू कर दी है। भागदौड़ कर बाद में पुलिस ने दीपक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## चोर समझकर की फायरिंग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**शाहपुर, 14 अक्टूबर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव साँझक के पास स्थित एक मुर्गी फार्म पर एक व्यक्ति को चोर समझकर फायरिंग कर दी, जिसमें व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी वृद्ध को हिरासत में लेने के अलावा बंदूक व कारतूस अपने कब्जे में ले लिए। थानाध्यक्ष मोहित चौधरी ने बताया कि पश्चिम बंगाल राज्य के दार्जिलिंग जनपद के गांव नक्सलबाड़ी निवासी शानू मुंडा पुत्र शिवा मुंडा सोमवार के देर रात रास्ता भटक कर गांव सांझक के पास स्थित एक मुर्गी फार्म पर पहुंच गया। वहां मौजूद लोगों ने उससे उसके आने का कारण पूछा, तो उसने बंगाली भाषा में जवाब दिया, जिससे मुर्गी फार्म हाउस पर मौजूद लोग समझ नहीं सके और उसे चोर समझ कर फायरिंग कर दी। फायरिंग में गोली उसकी जांघ में लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और गंभीर घायल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। पुलिस ने फायरिंग करने के आरोपी थाना क्षेत्र के गांव किनौनी निवासी 70 वर्षीय सतपाल को हिरासत में ले लिया और बंदूक व जिंदा व खोका कारतूस को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में घायल ने तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर रही है। उधर सूचना पर सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने भी थाने पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 2 आतंकी ढेर, 12 घंटे चली मुठभेड़ में मार गिराया

**कुपवाड़ा, 14 अक्तूबर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में मंगलवार सुबह सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया। 13 अक्टूबर की शाम 7 बजे से भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास कुंबकड़ी के जंगल में यह ऑपरेशन जारी है। आतंकियों ने यहां से घुसपैठ की कोशिश की थी, जिसे सुरक्षाबलों ने नाकाम किया है। इससे पहले 8 सितंबर को सेना ने कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ के दौरान 2 आतंकियों को मार गिराया था। गुड्डर के जंगलों में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। सेना ने इसे 'ऑपरेशन गुड्डर' नाम दिया था। इस दौरान घायल हुए दो जवान भी शहीद हुए थे। ऑपरेशन गुड्डर में मारे गए एक आतंकी की पहचान शोपियां के रहने वाले आमिर अहमद डार के तौर पर हुई थी। वह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था और सितंबर 2023 से एक्टिव था। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से जारी 14 आतंकवादियों की लिस्ट में यह भी शामिल था। जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में इंटरनेशनल बॉर्डर से एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया गया था। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा का रहने वाला सिराज खान नाम के घुसपैठिए को ऑक्ट्रोई चौकी पर तैनात बीएसएफ जवानों ने देखा था। कुछ राउंड फायरिंग के बाद उसे बॉर्डर फेंसिंग के पास गिरफ्तार कर लिया गया था। उसके पास से कुछ पाकिस्तानी करेंसी भी मिली थी। गुरेज सेक्टर में मारे गए थे 2 आतंकी: 26 अगस्त में जम्मू-कश्मीर के गुरेज सेक्टर में हुई एक मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए थे। उनमें से एक की पहचान बागू खान के रूप में हुई, जिसे 'ह्यूमन जीपीएस' कहा जाता था।

## मुठभेड़ में मेघाखेड़ी निवासी विवेक गोली लगने से लंगड़ा

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** नई मंडी क्षेत्र में पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में मेघाखेड़ी निवासी शातिर पशु चोर कुनाल उर्फ पवन उर्फ विवेक शर्मा गोली लगने से लंगड़ा घायल हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल बदमाश को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। विवेक पर आधा दर्जन से अधिक चोरी और अन्य गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।



# प्रेमिका से मिलने के लिए मोबाइल टॉवर पर चढ़ा प्रेमी

## पुलिस और दमकल विभाग की लगभग साढे पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उतरा नीचे

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** प्रेम की दीवानगी में लोग क्या-क्या कर बैठते हैं, इसका एक उदाहरण खतौली थाना क्षेत्र के गांव चांदसमंद में देखने को मिला, जहां एक प्रेमी प्रेमिका से मिलने की जिद पर अड़ा युवक रेलवे के मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। पुलिस व दमकलकर्मियों विभाग ने लगभग पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह युवक को टॉवर से नीचे उतारा। पुलिस ने युवक का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है। आपको बता दें कि मंगलवार को खतौली थाना क्षेत्र के गांव चांदसमंद निवासी राजकुमार उर्फ राजू का गांव की एक युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। प्रेम-प्रसंग के चलते दोनों अपने-अपने घरों से फरार हो गए और हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में पहुंचकर 14 जुलाई को आर्य समाज मन्दिर में प्रेम विवाह कर लिया। इससे क्षुब्ध होकर युवती के परिजनों ने प्रेमी के खिलाफ खतौली थाने पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दोनों को हिमाचल प्रदेश से बरामद कर लिया था। पुलिस ने बयान होने के बाद युवती को उसके परिजनों के साथ भेज दिया था, तभी से युवक की मुलाकात अपनी प्रेमिका के साथ नहीं हो पा रही थी। राजकुमार फायर की पाइप लाइन बिछाने का कार्य करता है। काफी दिनों से प्रेमिका से उसकी मुलाकात न होने के युवक आहत था। उसका आरोप है कि उसकी प्रेमिका गर्भवती भी थी, लेकिन उसके परिजनों ने उसका गर्भपात करा दिया। मंगलवार सुबह लगभग साढे 5 बजे युवक रेलवे के मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया और प्रेमिका से मिलने की जिद करने लगा। जैसे ही इसकी सूचना नई मंडी पुलिस व दमकल विभाग को लगी तो दोनों विभागों के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लगभग पांच घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने नीचे उतारने के लिए उसे प्रेमिका से मिलवाने का आश्वासन दिया था, जिस पर प्रेमी टॉवर से नीचे उतर गया। पुलिस ने मामले की जानकारी प्रेमी के परिजनों को भी दे दी थी। हालांकि बाद में पुलिस ने युवक का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया।





## बरेली बवाल में मौलाना तौकीर की 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ाई

**बरेली, 14 अक्टूबर (एजेंसी)।** बवाल के मामले में आरोपी मौलाना तौकीर रजा की मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सीजेएम अलका पांडेय की कोर्ट में पेशी हुई। तौकीर रजा फरुर्खाबाद की फतेहगढ़ जेल में बंद है। वहीं से वह वर्चुअल माध्यम से जुड़ा। बरेली पुलिस ने उसे बवाल का मुख्य आरोपी बताया है। कोर्ट ने मौलाना तौकीर की 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है।

# बीजेपी की पहली लिस्ट आई, बिहार चुनाव के लिए 71 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान

**नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (एजेंसी)।** बीजेपी की पहली सीट लिस्ट में कुल 71 कैंडिडेट के नाम हैं। यही नहीं, डेप्युटी सीएम सम्राट चौधरी तारापुर सीट से चुनाव लड़ेंगे। बीजेपी ने पहली सूची में कई बड़े नामों को रिपीट किया है। पार्टी ने दानापुर से रामकृपाल यादव को उतारा है। पार्टी ने अपने सभी बड़े नेताओं को टिकट दिया है। मंत्री नितिन नबीन को बांकीपुर से उतारा गया है। मंत्री मंगल पांडेय को सिवान से टिकट दिया गया है। संजय सरावगी को दरभंगा से उतारा गया है। नीरज कुमार बबलू को छातापुर से टिकट दिया गया है। पूर्व डेप्युटी सीएम रेणु देवी को बेतिया सीट से कैंडिडेट बनाया गया है।

पार्टी ने दानापुर से रामकृपाल यादव को उतारा है। पार्टी ने अपने सभी बड़े नेताओं को टिकट दिया है। मंत्री नितिन नबीन को बांकीपुर से उतारा गया है। मंत्री मंगल पांडेय को सिवान से टिकट दिया है। संजय सरावगी को दरभंगा से उतारा गया है। नीरज कुमार बबलू को छातापुर से टिकट दिया गया है। पूर्व डेप्युटी सीएम रेणु देवी को बेतिया सीट से कैंडिडेट बनाया गया है। एक और पूर्व डेप्युटी सीएम तारकिशोर प्रसाद को कटिहार से टिकट दिया गया है। पटना में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उम्मीदवारों के नामों की औपचारिक घोषणा की। एनडीए के एक प्रमुख घटक दल के रूप में, भाजपा इस बार जनता दल (यूनाइटेड) और अन्य सहयोगियों के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ेगी। एनडीए के सीट बंटवारे के तहत, भाजपा 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा की पहली लिस्ट में सिटिंग विधायक नंदकिशोर यादव का टिकट काट दिया गया है। उनकी जगह पटना साहिब सीट से रत्नेश कुशवाहा को चुनावी रण में उतार दिया गया है। गौरतलब है कि नंदकिशोर वर्तमान में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष भी है।

## संभल में अवैध मस्जिद पर बुलडोजर एक्शन

**संभल, 14 अक्तूबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के संभल में अवैध मस्जिद पर बुलडोजर एक्शन हुआ है। संभल में सरकारी जमीन पर बनी अवैध मस्जिद गिराई गई है। बुलडोजर से यह कार्रवाई हुई है। दरअसल, कल्कि धाम के पास अवैध निर्माण पर यह बुलडोजर एक्शन सामने आया है। संभल के एंचोड़ा कंबोह में अवैध मस्जिद सरकारी जमीन पर बनाई गई थी। इस पर पहले ही कार्रवाई का आदेश जारी हुआ था। जुलाई माह में इस अवैध निर्माण को मुस्लिम समुदाय की ओर से खुद ही गिराना शुरू किया गया था। हालांकि, इसका अधिकांश हिस्सा अभी भी बरकरार था। ऐसे में प्रशासन की टीम ने बुलडोजर की मदद से निर्माण को पूरी तरह से हटाने की कार्रवाई की। अब मलबे को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। अवैध मस्जिद का निर्माण कल्कि धाम के पास किया गया था। इस अवैध निर्माण को अब जमींदोज कर दिया गया है। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है। कानून व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखने के लिए यहां मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। अधिकारी ने कहा कि यह मेन रोड है। इयलिए, ट्रैफिक दृष्टि से यह एक्शन हो रहा है। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दो एसएचओ की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। किसी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति न उत्पन्न हो, इसके लिए पुख्ता इंतजाम हैं।

## प्रदेश की 1.86 करोड़ माताओं-बहनों को आज मिलेंगे दो मुफ्त एलपीजी रिफिल सिलेंडर

**लखनऊ, 14 अक्टूबर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लोकभवन सभागार में उज्जवला योजना के तहत पात्र महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर रिफिल का उपहार देंगे। राज्य सरकार ने उज्ज्वला लाभार्थियों को प्रति वर्ष दो मुफ्त एलपीजी रिफिल देने का निर्णय लिया है। यह वितरण वित्तीय वर्ष 2025-26 में दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण अक्टूबर 2025 से दिसंबर 2025 तक और दूसरा चरण जनवरी 2026 से मार्च 2026 तक होगा। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश सरकार ने 1500 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान किया है।

# यूपी में दिवाली से पहले बिजली विभाग का तोहफा, नये कनेक्शन के देने होंगे 6400

**लखनऊ, 14 अक्तूबर (एजेंसी)।** दिवाली से पहले उत्तर प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं पर सरकार ने तौहफा दे दिया है। तौहफा भी ऐसा की महंगाई का एक और बोझ जनता के सर पर डाल दिया है। अब राज्य में नया बिजली कनेक्शन लेना पहले से 6 गुना महंगा हो गया है। ऊर्जा विभाग की ओर से जारी नए आदेश के अनुसार, अब 1 किलोवाट का नया बिजली कनेक्शन लेने के लिए उपभोक्ताओं को 1032 की जगह 6400 तक चुकाने होंगे। यह निर्णय अचानक लागू कर दिया गया, जबकि केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत प्रीपेड मीटर फ्री में लगाने का प्रावधान था।

ऊर्जा विभाग ने 10 सितंबर को जारी आदेश में हर नए कनेक्शन के साथ 6061 का प्रीपेड मीटर शुल्क अनिवार्य कर दिया है। पहले साधारण मीटर सहित यह सुविधा मात्र 1032 में मिल जाती थी। अब उपभोक्ताओं को छह गुना अधिक भुगतान करना होगा। राज्य उपभोक्ता परिषद ने इस निर्णय पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि यह आदेश बिना नियामक आयोग की अनुमति के लागू किया गया है, जो नियमों के खिलाफ है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा के मुताबिक, 10 सितंबर के बाद से अब तक करीब 1.74 लाख नए कनेक्शन के आवेदन आए हैं। इनमें से केवल 56 हजार उपभोक्ताओं को ही कनेक्शन मिला है, जबकि 37 हजार से अधिक लोग बढ़ा हुआ शुल्क न भर पाने के कारण कनेक्शन नहीं ले सके। हजारों आवेदन अब भी लंबित हैं या रद कर दिए गए हैं। उपभोक्ता परिषद ने इसे अवैध वसूली करार देते हुए कहा है कि स्मार्ट मीटर के नाम पर 6061 की वसूली से सरकार की छवि खराब हो रही है। यहां तक कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्रों में भी उपभोक्ता इस बढ़े शुल्क का भुगतान करने में असमर्थ हैं। अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि क्या दिवाली से पहले सरकार बिजली विभाग के इस महंगे फरमान पर कोई राहत देती है या नहीं।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सहारनपुर वृत्त, लो0नि0वि0, सहारनपुर**

**ई-प्रोक्योरमेन्ट अल्पकालीन निविदा सूचना**

पत्रांक : 6867/28एम0एस0-एस0वृत्त/25 दिनांक: 03.10.25

.1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियंता, सहारनपुर वृत्त, लो0नि0वि0, सहारनपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग में A,B,C श्रेणी में मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत एवं पात्र अनुमोदित तथा अर्ह ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता द्वारा एक या समस्त कार्यों के लिए निविदा दी जा सकती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि कृपया नोट कर ले कि कॉन्ट्रेक्ट के अवार्ड हेतु अर्ह के लिए बिडर्स के निर्देश के क्लॉज-4 के अनुसार न्यूनतम अर्हता रखता है।

2.

| क्र.सं. | जनपद | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में जी0एस0टी0 छोडकर) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मुजफ्फर नगर | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु जागाहेडी दूदाधारी मार्ग से खेडी दूदाधारी बुढ़ीना मार्ग तक मार्ग पुनः निर्माण का कार्य। | 71.50 | 5.58 | 06 माह | 2000+ 300+ 414 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी,सी |
| 2 | मुजफ्फर नगर | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु खेडा मस्तान से फुगाना की ओर मार्ग का पुनः निर्माण का कार्य। | 83.00 | 6.15 | 06 माह | 2000+ 300+ 414 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी, |
| 3 | मुजफ्फर नगर | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु सुन्ना नदी के पुल से खेडा मस्तान मार्ग के पुनः निर्माण का कार्य। | 115.00 | 7.75 | 12 माह | 2000+ 300+ 414 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी, |
| 4 | मुजफ्फर नगर | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु तेजलहेडा से खाईखेडा मार्ग के पुर्ननिर्माण का कार्य। | 52.00 | 4.60 | 06 माह | 2000+ 300+ 414 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी,सी |
| 5 | मुजफ्फर नगर | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु रोहाना छपार मार्ग से रोहना ग्राम की ओर मार्ग के पुनः निर्माण का कार्य। | 49.00 | 4.45 | 06 माह | 2000+ 300+ 414 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी,सी |
| 6 | मुजफ्फर नगर | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु बरला बसेडा सडक से तेजलहेडा मार्ग के पुनः निर्माण का कार्य। | 45.50 | 4.28 | 06 माह | 2000+ 300+ 414 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी,सी |
| 7 | मुजफ्फर नगर | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु रोहाना सडक से मतौली मार्ग के पुनः निर्माण का कार्य। | 51.00 | 4.55 | 06 माह | 2000+ 300+ 414 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी,सी |
| 8 | मुजफ्फर नगर | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु रोहाना कलां से मतौली मार्ग के पुनः निर्माण का कार्य। | 82.00 | 6.10 | 06 माह | 2000+ 300+ 414 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी, |
| 9 | मुजफ्फर नगर | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु रुडकी रोड से ताजपुर मार्ग के पुनः निर्माण का कार्य। | 51.00 | 4.55 | 06 माह | 2000+ 300+ 414 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी,सी |
| 10 | मुजफ्फर नगर | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु भोकरहेडी तेजलहेडा रजवाहे की पटरी द्वितीय भाग मार्ग के पुनः निर्माण का कार्य। | 34.50 | 3.45 | 06 माह | 2000+ 300+ 414 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी,सी |
| 11 | मुजफ्फर नगर | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु बरला बसेडा मार्ग से तेजलहेडा बाईपास मार्ग के पुनः निर्माण का कार्य। | 38.00 | 3.80 | 06 माह | 2000+ 300+ 414 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी,सी |
| 12 | मुजफ्फर नगर | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु खाईखेडी से दो मुही राजवाहे तक मार्ग के पुनः निर्माण का कार्य। | 62.50 | 5.13 | 06 माह | 2000+ 300+ 414 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी,सी |
| 13 | मुजफ्फर नगर | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु ग्राम तेजलहेडा स्कूल से चीनी मिल की ओर मार्ग के पुनः निर्माण का कार्य। | 44.00 | 4.20 | 06 माह | 2000+ 300+ 414 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी,सी |

3. वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्ते तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट ऑनलाईन देखे जा सकते है।
4. निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 16.10.2025 की प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 25.10.2025 को मध्यान्ह 02:00 बजे तक अपलोड किये जा सकेंगें। निविदादाताओं द्वारा ऑनलाईन निविदा की अपलोडिंग/डाउनलोडिंग तथा समस्त प्रपत्रों को शासनादेश सं0 3070/78-2-2018-42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 के अनुसार जमा किया जाएगा। ऑनलाईन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 25.10.2025 को दोपहर 02:30 बजे खोली जायेगीं
5. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
6. उपरोक्त कार्य पूर्ण होने के पश्चात् सम्बन्धित फर्म द्वारा अनुरक्षण का कार्य समय समय पर जारी शासनादेश के अनुसार किया जाएगा।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0
मुजफ्फरनगर

अधीक्षण अभियन्ता
सहारनपुर वृत्त, लो0नि0वि0
सहारनपुर

आर.ओ. संख्या-238887 सू. एवं ज.सं.वि.-(विज्ञापन वर्गीकृत) दिनांक 13/10/2025 यह विज्ञापन Website - www.upidadv.gov.in से लिया गया है।



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सहारनपुर वृत्त, लो0नि0वि0, सहारनपुर**

पत्रांक 6846/24एम0एस0-एस0(मु0नगर)/2025 दिनांक : 30.09.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (प्रथम आंमत्रण)**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्न कार्य हेतु ऑन लाईन निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रर्ड श्रेणी (जैसा लागू हो) (कॉलम-8 के अनुसार) मार्ग कार्य हेतु अर्ह एवं अनुमोदित टेकेदारों से ई-टैण्डरिंग के माध्यम से टी0-2 द्वारा प्रतिशत दर पर आधारित बिड नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदादाता बिड से सम्बन्धित अभिलेख (जैसे- कॉन्ट्रेक्ट डाटा, प्रपत्रों, कॉन्ट्रेक्ट की शर्तें, तकनीकी विशिष्टियॉं एवं बिड की संशोधित/परिशिष्ट शर्ते इत्यादि) की भली भांति जाँच कर लें।

| क्र0 सं0 /लॉट सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु लाख में) | धरोहर धनराशि (रु लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (टेण्डर कॉस्ट+ स्टेशनरी चार्जे+ जी0एस0टी0) | टेकेदार के वांछित पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मुजफ्फरनगर | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु ग्राम नौना से लुहारा मार्ग के पुर्ननिर्माण का कार्य। | 52.50 | 4.63 | 6 माह | 2000.00 + 300.00 + 414.00 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी एवं सी |
| 2 | | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु कमालपुर में कैलास प्रधान के बाग से लेकर झमेल के खेत तक मार्ग के पुर्ननिर्माण का कार्य। | 37.00 | 3.70 | 6 माह | 2000.00 + 300.00 + 414.00 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी एवं सी |
| 3 | | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु ग्राम खुब्बापुर से राजवाहे के पुल तक मार्ग के पुर्ननिर्माण का कार्य। | 37.00 | 3.70 | 6 माह | 2000.00 + 300.00 + 414.00 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी एवं सी |
| 4 | | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु मिकनपुर मुकीमपुर मार्ग के पुर्ननिर्माण का कार्य। | 42.00 | 4.10 | 6 माह | 2000.00 + 300.00 + 414.00 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी एवं सी |
| 5 | | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु कासमपुर भुम्मा मार्ग प्रथम भाग मार्ग के पुर्ननिर्माण का कार्य। | 35.00 | 3.50 | 6 माह | 2000.00 + 300.00 + 414.00 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी एवं सी |
| 6 | | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु जानसठ से बसायत मार्ग के पुर्ननिर्माण का कार्य। | 192.00 | 11.60 | 12 माह | 2000.00 + 300.00 + 414.00 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए एवं बी |
| 7 | | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु सादपुर से नहटौर मार्ग के पुर्ननिर्माण का कार्य | 104.00 | 7.20 | 12 माह | 2000.00 + 300.00 + 414.00 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए एवं बी |
| 8 | | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु मन्सूरपुर राजवाहे से मोधपुर मार्ग तक मार्ग के पुर्ननिर्माण का कार्य | 111.00 | 7.55 | 12 माह | 2000.00 + 300.00 + 414.00 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए एवं बी |
| 9 | | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु मंसूरपुर से दूधाहेडी मार्ग के पुर्ननिर्माण का कार्य। | 115.50 | 7.78 | 12 माह | 2000.00 + 300.00 + 414.00 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए एवं बी |
| 10 | | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु भौराकला खेडी पटटी का प्रथम/द्वितीय भाग मार्ग के पुर्ननिर्माण का कार्य। | 99.00 | 6.95 | 6 माह | 2000.00 + 300.00 + 414.00 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए एवं बी |
| 11 | | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु सिखरेडा नहर पुल से पीर की और मार्ग के पुर्ननिर्माण का कार्य। | 78.00 | 5.90 | 6 माह | 2000.00 + 300.00 + 414.00 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए एवं बी |

- कार्य के अनुरक्षण की अवधि पांच वर्ष है। पांच वर्षीय अनुरक्षण हेतु भुगतान की प्रकिया प्रमुख अभियन्ता उ0प्र0, लो0नि0वि0, लखनऊ के पत्रांक 3689सी0/आर0एम0एल0/मूल-23-24 दिनांक 17.02.2024 में दिये गये निर्देशो के अनुपालन में समय-समय पर किया जायेगा।
- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी गयी दरें सभी करों को जोडते हुए तथा जी0एस0टी0 को छोडते हुए लगायी गयी है।
- निविदा में मांगी गयी निविदा धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य (कॉलम नं0 5 एवं 7 के अनुसार) ऑन लाईन केवल नेट बैंकिंग द्वारा भुगतान के पश्चात् यू0टी0आर0 प्राप्ति रसीद के रूप में ही मान्य होगा।
- शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेईस-7-2020-176(सा)/06, दिनांक 25.08.2020 के अनुसार निविदाएं प्रहरी एप्लीकेशन के माध्यम से प्राप्त की जायेगी।
- निविदा ऑन लाईन दिनांक 17.10.2025 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 25.10.2025 की अपरान्हः 02:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 25.10.2025 को अपरान्हः 02:30 बजे खोली जायेगी। अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेंगी।
- शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- धरोहर धनराशि अनुबन्ध गठन के समय उ0प्र0 लोक निर्माण अनुभाग-7 का शासनादेश संख्या 692/23-07-2024 दिनांक 09-08-2024 एवं कार्यालय प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0 लखनऊ का कार्यालय पत्रांक 10090 एम0टी0/सामान्य वर्ग/2024 दिनांक 13.08.2024 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार ही ली जायेगी।
- निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0वि0वि0, मुजफ्फरनगर
pdpwdmzn@gmail.com

अधीक्षण अभियन्ता
सहारनपुर वृत्त, लो0नि0वि0, सहारनपुर
sepwdsre@gmail.com

आर.ओ. संख्या-238956 सू. एवं ज.सं.वि.-(विज्ञापन वर्गीकृत) दिनांक 14/10/2025 यह विज्ञापन Website - www.upidadv.gov.in से लिया गया है।